और अब तक उन वारदातों में लिप्त कितने अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि इन बस्तियों में आम लोगों के मन में भारी असुरक्षा की भावना घर करती जा रही है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और आम लोगों के मन में व्याप्त असुरक्षा की भावना को दूर करके उनकी सुरक्षा करने तथा अपराध और अपराधियों पर काबू पाने के लिए सरकार क्या प्रभावी कार्रवाई कर रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) दिनांक 1-1-1995 से 30-4-1995 तक की अवधि के दौरान दक्षिण दिल्ली की संभ्रांत बस्तियों में हत्या, लूटपाट (डकैती) और अपहरण के दर्ज कराए गए मामलों तथा इन मामलों में गिरफ्तार अपराधियों की संख्या निम्न प्रकार है :—

मद	दर्ज मामलों की संख्या	गिरफ्तार व्यक्तियों की संख्या
हत्यां	35	30
लूटपाट (डकैती)	46	40
अपहरण .	78	15

(ख) और (ग) अपराधों को रोकने और उनका पता लगाने की प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा राजधानी के लोगों में सुरक्षा की भावना बैठाने के प्रयास किए गए हैं । राजधानी के निवासियों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए पुलिस द्वारा किए गए उपायों में, गश्त बढ़ाना, महत्वपूर्ण रणनीतिक स्थलों पर नाकाबंदी करना, आसूचना तंत्र को सुदृढ़ करना, अपराधियों के छिपने के ठिकानों पर बार-बार छापे मारना, चौकसी में बढ़ोत्तरी करना, पड़ौसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें करना, पुलिस अधिकारियों को आधुनिक हथियारों को चलाने का प्रशिक्षण देना, जांच पड़ताल के वैज्ञानिक तरीके अपनाना, तथा संचार तंत्र का आधुनिकीकरण करना आदि शामिल हैं ।

Hospitals and dispensaries under Dandakaranya Projects in Orissa

8011. SHRI BHAGBAN MAJHI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the names of hospitals and dispensaries managed by the Central Government while they were under the Dandakaranya Development Project located in Orissa;

(b) whether these projects have been transferred to the state Government after winding up of the Dandakaranya Development Project;

(c) whether Government have a proposal to take-over those hospitals and manage with hundred percent Central funding; and

(d) if so, the steps taken to consider the proposal?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the table of the House.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.